RAF SECTOR

NEWS CLIP

07/08/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran,Giridih(JKD)

उपद्रवियों से निपटने को प्रशासन तैयार

जागरण संवाददाता, गिरिडीह : पर्व-त्योहारों में उपद्रव करने वाले व अशांति फैलाने वालों से निबटने को लेकर अभी से ही पुलिस-प्रशासन की टीम अलर्ट हो गई है। किसी भी त्योहार के मौके पर अशांति फैलाने की मंशा पाल रखने वालों को अब जिला पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स सबक सिखाएगा।

इसी क्रम में रैफ के अधिकारी व जवान शुक्रवार को जिला पुलिस के साथ मिलकर नगर में फ्लैग मार्च किया। लोगों को हर त्योहार को शांति व अमन चैन के साथ मनाने का संदेश दिया। यह फ्लैग मार्च रैपिड एक्शन फोर्स की 106 वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट अनूप सिंह के नेतृत्व में बडा चौक से निकाला गया, जो मुस्लिम बाजार, मौलाना आजाद चौक, बीबीसी रोड, बजरंग चौक, मकतपुर चौक, जिला परिषद चौक, कोर्ट रोड, अस्पताल गेट, जेपी चौक, आंबेडकर चौक, बस पड़ाव, हुट्टी बाजार होते हुए वापस बड़ा चौक पहुंचा।

शुक्रवार को गिरिडीह शहर में फ्लैग मार्च निकालते रैफ के पदाधिकारी व जवान ● जागरण

फ्लैग मार्च के माध्यम से मुहर्रम, रक्षाबंधन समेत हर समुदाय के त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने का संदेश दिया गया। सहायक कमांडेंट अनूप सिंह ने बताया कि त्योहारों के वक्त अशांति फैलाने वालों को इस फ्लैग मार्च के माध्यम से सचेत रहने की नसीहत दी गई है। फ्लैग मार्च में रैफ के इंस्पेक्टर आरपी राव, नगर थाना पुलिस अवर निरीक्षक अमरजीत कुमार, असीम कुजूर के अलावा रैफ व जिला बल के जवान शामिल थे।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।